भर्ती हेतु सूचना

सलाहकार – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (एनएचएसआरसी)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह स्वास्थ्य प्रणालियों के व्यापक सुदृढ़ीकरण को सहयोग प्रदान करने, जिला और उप जिला कार्यान्वयन से सीखने, जानकारी को स्वरूप प्रदान करने और सबके लिए स्वास्थ्य की अवधारणा को साकार करने का एक अवसर है।

यह पद पूर्णतः संविदा आधार पर विशिष्ट रूप से सलाहकार – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (एक पद) के लिए है।

भूमिका एवं दायित्वः

- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी प्रभाग के कार्य का नेतृत्व करना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और आयुष्मान भारत की वर्तमान प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य योजना तैयार करना और उसे कार्यान्वित करना।
- गहन स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन के आधार पर, डिजाइन में तकनीकी उन्नयन के नए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नीति और कार्यक्रम में संशोधन कराना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य हितधारकों को क्षेत्र के लिए सुसंगत उभरती प्रौद्योगिकियों पर सिफारिशें प्रस्तुत करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नवाचार पोर्टल में चिह्नित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नवाचारों की पहचान, मूल्यांकन और उत्थान में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुरोधों के आधार पर स्वास्थ्य उत्पादों का उच्च गुणवत्ता मूल्यांकन करना/आरंभ कराना।
- निःशुल्क निदान, जैव चिकित्सा उपकरण रखरखाव और प्रबंधन तथा डायलिसिस कार्यक्रम जैसे प्रौद्योगिकी गहन स्वास्थ्य कार्यक्रमों और नई पहलों के राज्य स्तरीय कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करने के लिए टीम का नेतृत्व करना।
- संरचित फील्ड दौरों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करते हुए राज्य की टीमों के साथ सतत वार्ता के माध्यम से प्रगति की निगरानी करना।
- प्रौद्योगिकी व्यापार नीति, प्रशुल्क ढांचा और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- कार्यकारी निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

- आवश्यकतानुसार एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई के अन्य प्रभागों और अन्य हितधारकों के साथ गहन संपर्क में कार्य करना।

योग्यता और अनुभवः

- विज्ञान/चिकित्सा/जन स्वास्थ्य/जैव चिकित्सा इंजीनियरिंग/प्रबंधन में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- स्वास्थ्य सेवाएं, उद्योग, विनिर्माण, अस्पताल प्रशासन या इनके मिले–जुले क्षेत्र में योग्यता उपरांत न्यूनतम 15 वर्षों का कार्य अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा और सौंपे गए कार्यों को समय–सीमाओं के भीतर पूरा करने के लिए एक साथ अलग–अलग कार्य करने की क्षमता।
- कंप्यूटर कौशलः एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य सुसंगत दस्तावेजों का उपयोग करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- सटीक, स्पष्ट तकनीकी रिपोर्ट लिखने की योग्यता सहित अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और अंतर्वैयक्तिक क्षमताओं सहित बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 60 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।
कार्य स्थलः नई दिल्ली
संविदा की अवधिः दो वर्ष
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 1,70,000/– रु. से 2,20,000/– रु. तक
**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **13th February** 2020 तक advisor.hct.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।